हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 19 फरवरी 2026

04 स्व. नरेंद्र सिंह परमार स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट सिरसी ने ...



05 मसूर और चना की फसल में दवा के छिड़काव से फसलें नष्ट...





## समाचार संक्षेप

### फुलवारी कालोनीवासियों ने की अरविंद गुप्ता के स्वास्थ्य की मंगल कामना



**गुना ।** फुलवारी कालोनी वासियों ने पूर्व पार्षद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अरविंद गुप्ता के निवास पर पहुंच कर उनके स्वास्थ्य की मंगल कामना की। तदाशय की जानकारी मोहल्ला सुधार समिति फुलवारी कालोनी गुना के संयोजक अनिरुद्ध सिंह सेंगर ने देते हुए बताया कि अरविंद गुप्ता का अभी हाल ही में जब भोपाल में पेट का आपरेशन हो रहा था तब उनके स्वास्थ्य के लिए श्रीराम जानकी मंदिर प्रबंधन समिति ने श्रीराम जानकी मंदिर पर श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन करके उनके दीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की मंगल कामना की थी। भोपाल से लौटने पर मोहल्ला सुधार समिति फुलवारी कालोनी गुना के एक प्रतिनिधिमंडल ने अरविंद गुप्ता के निवास पर जाकर उनके स्वास्थ्य की मंगल कामना के लिए भेंट की। इस प्रतिनिधि मंडल में काफी सदस्य शामिल रहे जिनमें सर्वश्री अनिरुद्ध सिंह सेंगर, बनवारी लाल दीक्षित, कमल डबीर, मोहनलाल नामदेव, मनोज श्रीवास्तव, नवल किशोर मीना, सत्यप्रकाश माथुर, रमेश कटियार, पवन कुमार, डा उदय नादिया, देवेन्द्र प्रजापति, संदीप भदौरिया, गिर्राज लोधा, जगदीश धाकड़ आदि प्रमुख हैं।

### सर्वे ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने की कलेक्टर कन्याल से भेंट



**गुना।** कलेक्टर कार्यालय में सर्वे ऑफ इंडिया के अधिकारियों और कलेक्टर गुना के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वे ऑफ इंडिया के उप अधीक्षण सर्वेक्षक गोविंद नागवंशी तथा मध्य प्रदेश भू-स्थानिक निदेशालय, जबलपुर के सर्वेक्षक संचिरत्न बौद्ध उपस्थित रहे।बैठक के दौरान अधिकारियों ने सर्वे ऑफ इंडिया के विभिन्न उत्पादों, सेवाओं एवं तकनीकी कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने संपत्ति रजिस्टर एवं मानचित्रों की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए प्रशासनिक कार्यों में उनके महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा मध्य प्रदेश राज्य के नवीनतम हिंदी एवं अंग्रेजी मानचित्र, संपत्ति रजिस्टर, आधिकारिक मानचित्र तथा सर्वे ऑफ इंडिया का कैलेंडर कलेक्टर को भेंट किया गया। कलेक्टर श्री कन्याल ने सर्वे ऑफ इंडिया की कार्यप्रणाली और उपलब्ध कराई गई जानकारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि सटीक भू-स्थानिक जानकारी प्रशासनिक योजनाओं और विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### खुली काउंसलिंग से होंगे विकासखंड अकादमिक समन्वयक व जन शिक्षकों के पदों की पूर्ति

**गुना ।** समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत जनपद शिक्षा केन्द्रों में विकासखंड अकादमिक समन्वयक एवं जन शिक्षकों के पदों की पूर्ति वरिष्ठता के आधार पर खुली काउंसलिंग के माध्यम से की जाएगी। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों की पात्रताएं निर्धारित की गई हैं। इसके अनुसार अभ्यर्थी उच्च श्रेणी शिक्षक/माध्यमिक शिक्षक होना चाहिए तथा 1 जनवरी 2026 की स्थिति में आयु 52 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। साथ ही संबंधित के विरुद्ध कोई विभागीय जांच, आपराधिक प्रकरण अथवा लंबे समय से निरंतर अनुपस्थिति संबंधी शिकायत लंबित नहीं होनी चाहिए। जिला गुना अंतर्गत विकासखंड अकादमिक समन्वयक एवं जन शिक्षकों के पदों की स्थलवार सूची कार्यालयीन सूचना पटल एवं बीआरसीसी कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

# जिला स्तरीय ओलंपियाड में 32 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान

- कलेक्टर ने दिया आगे बढ़ने का मंत्र
- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मिला प्रोत्साहन
- जिला प्रशासन व शिक्षा केंद्र का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना




जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता के चयनित विद्यार्थियों के सम्मान में जिज्जी की पंचायत रेस्टोरेंट में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन एवं जिला शिक्षा केंद्र गुना द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल मुख्य अतिथि एवं जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल सहित बड़ी संख्या में बच्चे, उनके अभिभावक एवं शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की रूपरेखा डीपीसी ऋषि शर्मा द्वारा प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि यह जिले के लिए गर्व की बात है कि लगभग इतने कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच 32 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारे जिले के बच्चे शिक्षा और खेल दोनों क्षेत्रों में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का मूल मंत्र देते हुए कहा कि "पहले पढ़ें, फिर लिखें और उसके बाद नियमित रूप से दोहराएं", यही सफलता की कुंजी है। सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे ने भी विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें विभिन्न ट्रिक्स के माध्यम से पढ़ी हुई चीजों को याद रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी धीरे-धीरे जिला स्तर से राज्य, राज्य से राष्ट्रीय और फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बनाएं।समारोह के दौरान चयनित विद्यार्थियों को टोपी, बैग, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि कुछ विद्यार्थियों ने दो विषयों में ओलंपियाड में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए स्थान हासिल किया, जिससे जिले का नाम रोशन हुआ।

### गुना के विद्यार्थियों का राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन



गुना, 18 फरवरी 2026। मन स्पेशल स्कूल एंड डे केयर सेंटर के विद्यार्थियों ने दो राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय सफलता हासिल की।तेजस राजपूत, कृष्णा सक्सेना और भानु गोस्वामी ने 11th Edition Quizabled – नॉलेज आफ आल (नेशनल फाइनल्स 2025–26) में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता बीएमएस इंजीनिरिंग कालेज , बेंगलुरु में आयोजित हुई थी। वहीं स्पेशल ओलांपिक भारत द्वारा महर्षि दयानंद यूनीवर्सिटी , रोहतक में आयोजित ट्रैक एंड फील्ड नेशनल चैंपियनशिप में भानु गोस्वामी ने 200 मीटर दौड़ में तृतीय और गोला फेंक में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।कलेक्टर ने विद्यार्थियों को सम्मानित कर इसे जिले के लिए गौरव की बात बताया।

## युवक की मौके पर मौत कई जिंदगियां अब भी जूझ रहीं मौत से

# अनियंत्रित ट्रक के नीचे बाइक सवार फंसा, 100 फीट घिसटा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना





शहर के एबी रोड पर कमला पेट्रोल पंप और कुशमौदा के बीच बुधवार को सड़क पर रफ्तार का ऐसा खौफनाक तांडव देखने को मिला, जिसने एक परिवार की खुशियां छीन लीं और कई लोगों को जिंदगी और मौत के बीच ला खड़ा किया। मक्का रैक के लिए महुगढ़ा रैक प्वाइंट की ओर जा रहा एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक सड़क पर चल रहे वाहनों पर कहर बनकर टूट पड़ा। इस भीषण हादसे में विकास नगर निवासी 28 वर्षीय शिवनंदन शर्मा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक मूल रूप से ग्राम सोहाया का रहने वाला था और शहर के मेसी ट्रैक्टर शोरूम में कार्यरत था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भयावह थी कि तीन मोटरसाइकिलें और एक स्कूटी पूरी तरह चकनाचूर हो गईं। सबसे डरावना दृश्य तब सामने आया जब एक बाइक सवार ट्रक के नीचे फंस गया और चालक वाहन रोकने के बजाय बाइक को करीब 100 फीट तक घसीटता चला गया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, जिससे लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। घायलों में 75 वर्षीय कैलाशबाबू सिसोदिया शामिल हैं, जो अपने बेटे के साथ इलाज कराने गुना आ रहे थे। वहीं राघौगढ़ निवासी नारायण सिंह सिसोदिया अपनी पत्नी के साथ बीमार भाई को देखने जा रहे थे, लेकिन खुद गंभीर रूप से घायल हो गए। डॉ. आरबी धाकड़ ने बताया कि उनके परिजन कैलाशबाबू धाकड़ और दौलतराम धाकड़ भी हादसे में गंभीर रूप से घायल हैं और उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि महुगढ़ा रैक प्वाइंट के कारण इस मार्ग पर भारी वाहनों का दबाव लगातार बढ़ रहा है, लेकिन गति नियंत्रण और ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह नदारद है। तेज रफ्तार ट्रक रोजाना मौत बनकर दौड़ते हैं, फिर भी जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठे हैं।हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।लेकिन बड़ा सवाल वही है आखिर कब थमेगा रफ्तार का यह खूनी खेल? शहर में अनियंत्रित यातायात अब सीधे लोगों की जान पर भारी पड़ने लगा है, और हर हादसे के बाद सिर्फ कार्रवाई के दावे ही सुनाई देते हैं।

### कैंट रोड पर भी मंडरा रहा है खतरा

हनुमान चौराहे से अशोकनगर को जाने वाले भारी वाहन कैंट रोड पर भी दिन-रात खतरे की घंटी बजा रहे हैं ।बेदर ढंग से चल रहे हैं यह भारी वाहन छोटे वाहनों को कट मारते हुए तेज रफ्तार से दौड़ रहे हैं ।समय प्रतिबंध होने के बावजूद यहां समय सीमा का पालन नहीं किया जा रहा। हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है । शहर के सबसे ज्यादा व्यस्त इलाकों में से एक इस सड़क पर हमेशा खतरा मंडराता रहता है जो शाम के समय और ज्यादा बढ़ जाता है ।लेकिन जिम्मेदारों का ध्यान इस पर अब तक नहीं गया शायद यहां भी उन्हें किसी हादसे का इंतजार है।

# राजस्व व खनिज विभाग की कार्रवाई लगातार जारी, अवैध मिट्टी भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल निर्देशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी राघौगढ़ अमित सोनी के मार्गदर्शन में अनुभाग अंतर्गत अवैध रूप से खनिज के उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी है। प्रशासन द्वारा प्राप्त शिकायतों के आधार पर संबंधित क्षेत्रों में लगातार निगरानी और छापामार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में राघौगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रूठियाई में अवैध उत्खनन एवं परिवहन की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत को गंभीरता लेते हुए तहसील राघौगढ़ अंतर्गत नायब तहसीलदार राघौगढ़ के साथ रूठियाई में छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध रूप से मिट्टी का परिवहन करते हुए पाया गया। संबंधित वाहन को तत्काल जब्त कर वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। इस कार्रवाई में खनिज अधिकारी सचिन वर्मा, तहसीलदार रेणु कांसलीवल, प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्रधान जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में आयोजित की गई न्यायालय, प्रशासन व पुलिस की अभिनव पहल विषय पर प्रशिक्षण कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

प्रधान जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुना अमिताभ मिश्र की अध्यक्षता में न्यायिक अधिकारीगण, प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस अधिकारीगण के मध्य न्यायालय, प्रशासन एवं पुलिस की अभिनव पहल विषय पर प्रशिक्षण जिला न्यायालय के वीडियों कॉफ्रेंसिंग हॉल में आयोजित की गयी।

जिसमें समस्त न्यायाधीशगण, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर सहित जिला गुना के समस्त थाना प्रभारी उपस्थित रहे। उक्त कार्यशाला का संचालन श्रीमती वंदना त्रिपाठी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुना द्वारा किया गया।

सर्वप्रथम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्र एवं पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन किया गया। उसके उपरांत अध्यक्ष श्री मिश्र द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुये इलेक्ट्रोनिक एवीडेंस, पॉक्सो एक्ट, जप्ती, मेमो इत्यादि पर परिचर्चा की गयी।

तत्पश्चात शैलजा गुप्ता प्रथम जिला न्यायाधीश द्वारा नक्शा मौका से संबंधित कानूनों के बारे में आवश्यक चर्चा की गयी एवं क्या सावधानी रखी जानी चाहिए, इसके बारे में जानकारी प्रदान की गयी। उसके उपरांत राघवेन्द्र भारद्वाज चतुर्थ जिला न्यायाधीश द्वारा इलेक्ट्रोनिक साक्ष्य से संबंधित जानकारी प्रदान की गयी। श्रीमती सोनाली शर्मा, तृतीय जिला न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) द्वारा पॉक्सो एक्ट से संबंधित एवं आयु निर्धारण से संबंधित जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही समस्त न्यायाधीशगण एवं पुलिस अधिकारीगण के मध्य उपरोक्त विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। इस प्रकार विधिक जारूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

## 6 साल से फरार 3 हजार का इनामी डकैत गिरफ्तार राजस्थान सीमा से दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



जिला पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशानुसार लंबित प्रकरणों और फरार अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान में फतेहगढ़ थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने डकैती की योजना बनाने के मामले में पिछले 6 वर्षों से फरार चल रहे 3,000 रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोहन नदी किनारे बनी थी डकैती की योजनाउल्लेखनीय है कि 3-4 मार्च 2020 की मध्यरात्रि को फतेहगढ़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम पाखर के जंगल में कोहन नदी किनारे दबिश दी थी। वहां से पुलिस ने चार बदमाशों राजपवन, मिथुन, बागन सिंह और हमीर सिंह (निवासी राजस्थान) को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया था, जो कोहन गांव में डकैती डालने की फिराक में थे। इस कार्रवाई के दौरान आरोपी अरविंद कंजर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया था। तब से पुलिस इसकी सरगर्मी से तलाश कर रही थी और एसपी द्वारा इसकी गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया गया था।6 साल बाद सलाखों के पीछे पहुँचा आरोपीफतेहगढ़ थाना प्रभारी अभिषेक तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अपने सूचना तंत्र को सक्रिय किया। 17 फरवरी 26 को सटीक मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर फरार आरोपी अरविंद पुत्र गेंदालाल कंजर (25), निवासी ग्राम वटावदा पार (राजस्थान) हाल निवासी चांचौड़ा (छबड़ा) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट और डकैती की योजना बनाने की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी अभिषेक तिवारी, सउनि जसरथ दिवाकर, सउनि दिलीप सिंह, सउनि नरेश शर्मा सहित साइबर सेल के आरक्षक कुलदीप यादव और भूपेन्द्र खटीक का विशेष योगदान रहा।

## भगवान विटठल और माता रुक्मणि के चांदी के मुकुट सहित गेहूं की बोरियां चोरी

# बीनागंज में विटठलेश्वर महादेव मंदिर के ताले टूटे

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



जिले के चाचौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीनागंज में चोरों ने एक पवित्र देवालय को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। टोड़ी रोड स्थित ग्रीन वैली स्कूल के पास बने विटठलेश्वर महादेव मंदिर से अज्ञात चोर चांदी के मुकुट और अनाज चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के श्रद्धालुओं में रोष व्याप्त है।

फरियादी चन्द्रेश नामदेव ने पुलिस को बताया कि उन्होंने करीब पांच साल पहले इस मंदिर का निर्माण कराया था, जहां भगवान विटठल और माता रुकमणी की प्रतिमाएं प्रतिष्ठित हैं। मंदिर की सेवा के लिए नियुक्त पुजारी कान्हा शर्मा गत रात 10 बजे मंदिर के पट बंद कर घर गए थे। अगले दिन सुबह 6 बजे जब पुजारी मंदिर पहुंचे, तो मुख्य द्वार और मंदिर के गर्भगृह के ताले टूटे मिले। अंदर जाकर देखा तो भगवान विटठल और माता रुकमणी के मस्तक पर सुशोभित चांदी के प्राचीन मुकुट गायब थे।नगदी और अनाज पर भी साफ किया हाथचोरों ने न केवल चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ किया, बल्कि मंदिर की दान पेटी का ताला तोडक़र नगदी और वहां रखे 50-50 किलो के गेहूं के तीन कट्टे भी पार कर दिए। चोरी गए आभूषणों और अनाज की कुल कीमत लगभग 50 से 60 हजार रुपये बताई जा रही है। पुजारी की सूचना पर पहुंचे चन्द्रेश नामदेव ने चांचौड़ा थाने में अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है ताकि आरोपियों का सुराग लगाया जा सके।

### आज विभिन्न क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह रहेगा बाधित

**गुना ।** प्रबंधक कैंट जोन विद्युत वितरण कंपनी लिमि. द्वारा दी गई जानकारी अनुसार गुना शहर अंतर्गत 33/11 केव्ही कैंट नानाखेड़ी सब-स्टेशन पर मेंटनेंस कार्य होने से दिनांक 19 फरवरी 2026 को दोपहर 01 बजे से शाम 04 बजे तक कोल्हूपुरा, शिवाजी नगर, ईदगाह बाडी, संगम कॉलोनी, सिसौदिया कॉलोनी, न्यूसिटी कॉलोनी पार्ट-2, संत सुधा सागर, कबीर की बाडी, शांति पब्लिक स्कूल, सिसौदिया कोलानी, दुर्गा कॉलोनी, जगदीश कॉलोनी, अन्नपूर्णा कॉलोनी, कर्नलगंज, हेड पोस्ट ऑफिस त्रिमूर्ति कॉलोनी आदि क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा।

### गोकशी के लिए ले जाए जा रहे बछड़े आजाद,आरोपी गिरफ्तार

**गुना ।** जिले की धरनावदा थाना पुलिस ने गोवंश तस्करी के विरुद्ध एक प्रभावी कार्रवाई करते हुए कूररतापूर्वक ले जाए जा रहे 7 बछड़ों को मुक्त कराया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर तस्करी में प्रयुक्त टाटा मिनी पिकअप वाहन भी जप्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार बुधवार की तडक़े सुबह रूठियाई चौकी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गुना की ओर से एक सफेद रंग के बंद बॉडी वाले पिकअप वाहन एमपी 08 - 3902 में अवैध रूप से गोवंश भरकर इंदौर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने रूठियाई बायपास पर नाकाबंदी की। कुछ ही देर में संदिग्ध वाहन आता दिखा, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर रोक लिया। वाहन की जांच करने पर पुलिस दंग रह गई। पिकअप के पीछे की बॉडी में 7 बछड़े अत्यंत क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंसकर भरे हुए थे। चालक जतिन गौर (25), निवासी सीहोर हाल इंदौर, ने पूछताछ में कबूल किया कि वह इन बछड़ों को शिवपुरी के पड़ौरा जंगल से भरकर इंदौर निवासी कालू उर्फ काले भाट के कहने पर वध हेतु ले जा रहा था। पुलिस ने 70,000 मूल्य के गोवंश को मुक्त कराकर धरनावदा गोशाला भिजवाया और 5 लाख कीमत का पिकअप वाहन जब्त कर लिया।

### पार्वती नदी में अवैध रेत उत्खनन पर प्रशासन सख्त, संयुक्त उड़नदस्ता गठित

**राघौगढ़ ।** अनुविभाग अंतर्गत ग्राम रघुनाथपुरा क्षेत्र में पार्वती नदी में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राघोगढ़ द्वारा सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए हैं।जारी आदेशानुसार नदी क्षेत्र में अवैध खनन पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है तथा रोकथाम हेतु तहसीलदार, थाना प्रभारी, खनिज विभाग एवं राजस्व अमले का संयुक्त उड़नदस्ता गठित किया गया है, जो विशेष रूप से रात्रिकालीन गश्त कर कार्यवाही सुनिश्चित करेगा।अवैध उत्खनन में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित मशीनरी एवं वाहनों की तत्काल जब्ती, एफआईआर दर्ज करने तथा खनिज नियमों के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर भी जवाबदेही तय की जाएगी।

## रुठियाई जंक्शन पर रेल यात्रियों को हो रही परेशानियों को दूर करने की मांग

### विजय कुमार जैन ने रुठियाई स्टेशन का औचक निरीक्षण किया

**राघौगढ़ ।** सांसद प्रतिनिधि एवं रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति मंडल भोपाल के सदस्य विजय कुमार जैन ने आज कोटा बीना रेल लाइन स्थित रुठियाई जंक्शन स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के द्वारा आपको रेल यात्रियों ने बताया कि स्टेशन पर आम यात्रियों को पेयजल की व्यवस्था अव्यवस्थित है। 16 फरवरी को प्लेटफार्म के नलों में पानी नहीं था।अमृत भारत योजना के अंतर्गत रुठियाई जंक्शन पर चल रहे विकास कार्यो के अंतर्गत पार्किंग एरिया में जो पेशाब घर था, उसे बंद कर देने से आम रेल यात्री बाउंड्री वाल के सहारे पेशाब कर गंदगी कर रहे हैं। जो गंदगी रास्ते में बह रही है। इसी प्रकार प्लेटफार्म क्रमांक एक स्थित पेशाब घर की भी साफ सफाई नहीं होने से गंदगी हो रही है। आरक्षित श्रेणी का यात्री प्रतीक्षालय बनाया गया है उसमें यात्री प्रतीक्षालय आम रेल यात्रियों के लिए नहीं खोला गया है। बताया गया है कि वह उस प्रतीक्षालय में ठेकेदार का ताला लगा हुआ है। इसी प्रकार नवीन रेल्वे फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किया गया है उसको भी आम यात्रियों के लिए नहीं खोला गया है। आपने यह भी मांग की है कि रुठियाई जंक्शन इस अंचल का प्रमुख जंक्शन स्टेशन है यहां से 7 साप्ताहिक ट्रेने निकलती है जिनका स्टॉपेज रुठियाई जंक्शन पर नहीं है। इनका स्टॉपेज बनाए जाने की मांग रेल यात्रियों द्वारा लंबे समय से की जा रही है। विजय कुमार जैन ने कहा है भारत सरकार एवं रेल मंत्रालय द्वारा अमृत भारत योजना के अंतर्गत रुठियाई जंक्शन में विकास कार्य चल रहे हैं इसके लिए आपने आभार व्यक्त किया है। आपने मांग की है कि अमृत भारत योजना के विकास कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहे हैं उनका पूर्ण किया जाए,रुठियाई जंक्शन स्टेशन के समीप रेल फाटक क्रमांक 71 पर रेल ओवर ब्रिज निर्माण प्रस्तावित है मगर इसका निर्माण कार्य रेल विभाग एवं मध्य प्रदेश शासन की उदासीनता से प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। रुठियाई जंक्शन स्टेशन के निरीक्षण के दौरान आपके साथ जैन समाज रुठियाई के पूर्व अध्यक्ष समाजसेवी राजेश कुमार जैन राजू, जैन मिलन रुठियाई के अध्यक्ष अमित जैन सैंकी थे। विजय कुमार जैन ने कहा है वर्तमान रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति का कार्यकाल लगभग 6 माह और शेष है। सलाहकार समिति की बैठकें 1 वर्ष में तीन बार होना चाहिए। मगर डेढ़ वर्ष में समिति की मात्र दो बैठक ही आयोजित की गई है। समिति के बैठक दिनांक 15 अक्टूबर 25 को मंडल रेल प्रबंधक श्री पंकज त्यागी ने आश्वासन दिया था कि आगामी बैठक जनवरी 26 में आयोजित की जाएगी। मगर समिति की बैठक फरवरी 26 में भी आयोजित नहीं की जा रही है। आपने यह भी उल्लेख किया है सलाहकार समिति के सदस्य की नाते उनके द्वारा समय-समय पर जो मांगे विभागीय अधिकारियों को भेजी जाती हैं उन पर संतोषजनक कार्रवाई नहीं हो रही है। समिति के सदस्य के नाते रेल यात्री अपने मांगें बताते हैं मगर कार्यवाही नहीं हो रही है।

## जिला जेल गुना में तीन दिवसीय विशेष योग सत्र का शुभारंभ

**गुना।** पतंजलि युवा भारत एवं जिला जेल गुना के संयुक्त तत्वावधान में जिला जेल परिसर में बंदियों के उत्तम स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और सकारात्मक जीवन दृष्टि के उद्देश्य से तीन दिवसीय विशेष योग सत्र का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन का मार्गदर्शन जिला जेल अधीक्षक अतुल सिन्हा द्वारा किया जा रहा है तथा कार्यक्रम का संचालन जेलर जसवंत सिंह के नेतृत्व में संपन्न हो रहा है।

योग सत्र के प्रथम दिवस पर पतंजलि जिला युवा प्रभारी योगाचार्य महेश पाल ने बंदियों को योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को अनुशासित, संयमित और सकारात्मक दिशा देने की संपूर्ण पद्धति है। उन्होंने बंदियों को विभिन्न योगासन जिसमें ताड़ासन अर्ध ताड़ासहस्त, हस्तोत्तानासन, वृक्षासन पर्वतासन प्राणायाम के अंतर्गत नाड़ीशोधन, सूर्य भेदी, चंद्र भेदी प्राणायाम व योग क्रियाओं का अभ्यास कराया। तीन दिवसीय इस विशेष योग सत्र के माध्यम से बंदियों को न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाने, बल्कि मानसिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सकारात्मक पहल की गई है।

# स्व. नरेंद्र सिंह परमार स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट सिरसी ने जीता, फाइनल में अजय चमके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

बमौरी विधानसभा के ग्राम पंचायत सिरसी में खेली जा रही स्व नरेंद्र सिंह परमार स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया विशेष रूप से उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्होंने कमेंट्री तो की ही साथ ही बल्लेबाजी पर हाथ भी आजमाया। स्थानीय क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए फाइनल मुकाबले में सकतपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बड़ा स्कोर नहीं बना पाई और सिर्फ 94 रनों पर ढेर हो गई ।

जवाब में विजेता टीम सिरसी ने अपना लक्ष्य 95 रन नवें ओवर में ही हासिल कर टूर्नामेंट जीत लिया ।





मेन ऑफ़ द मैच रहे अजय प्रताप सिंह ने दोहरा प्रदर्शन करते हुए धारधार गेंदबाज़ी करते हुए सकतपुर के तीन विकेट चटकाए साथ ही बल्लेबाजी में भी पैंतीस रन की शानदार पारी खेली ।

मैन ऑफ़ द सीरीज का पुरस्कार सिरसी के ऑलराउंडर खिलाड़ी कुलदीप सिंह परमार नेपूरे टूर्नामेंट के दौरान अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीता ।

टूर्नामेंट के आयोजक अर्जुन सिंह परमार बताते हैं कि सिरसी में स्व नरेन्द्र सिंह परमार स्मृति कप क्रिकेट टूर्नामेंट प्रति वर्ष आयोजित किया जाता है जिसका उद्देश्य ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देना है ।इस वर्ष प्रतियोगिता का यह 23 वाँ संस्करण था जिसमें पूरे बमौरी विधानसभा क्षेत्र की अड़तालीस टीमों ने भाग लिया । फाइनल मैच में सांसद प्रतिनिधि कल सिंह पटेलिया,मुरारी लाल धाकड़,मंडल अध्यक्ष राजू धाकड़ व मोहन बारेला, तूफ़ान सिंह बरेला सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व दर्शक उपस्थित रहे ।

# मिसालः समाजसेवा के लिए दान की 2 करोड़ रुपए की जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

दानवीरता और सेवा भाव की एक अनुपम मिसाल पेश करते हुए गुना के सुप्रसिद्ध समाजसेवी पूर्व में किसान संघ के जिला अध्यक्ष रहे एडवोकेट वीरेंद्र सिंह सिसोदिया ने अपनी बेशकीमती भूमि सेवा भारती को दान कर दी है। शहर के प्राइम लोकेशन पर स्थित लगभग 9000 वर्ग फीट जमीन के दस्तावेज सेवा भारती संस्था को सौंपे। बाजार मूल्य के अनुसार इस भूमि की कीमत लगभग 2 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। एडवोकेट वीरेंद्र सिंह सिसोदिया द्वारा दान की गई यह भूमि नगरपालिका वार्ड क्रमांक 4 के अंतर्गत प्रताप छात्रावास रोड से अंदर, संघ कार्यालय के ठीक पीछे स्थित है। शपथ-पत्र के अनुसार, सर्वे क्रमांक 93/1 की कुल 0.084 हेक्टेयर (लगभग 9000 वर्ग फीट) भूमि अब सेवा भारती के सेवा प्रकल्पों के लिए उपयोग की जाएगी।



श्री सिसोदिया ने शपथ-पूर्वक कथन किया कि यह भूमि पूरी तरह विवाद रहित है और वह इसे स्वेच्छा से सनातनी और सामाजिक कार्यों के उत्थान हेतु समर्पित कर रहे हैं। इस ऐतिहासिक दान के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और सेवा भारती के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। विभाग प्रचारक नितिन अग्रवाल, जिला संघ चालक गिरिराज अग्रवाल और जिला कार्यवाह मनोज भदोरिया ने श्री सिसोदिया के इस कदम की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। सेवा भारती के जिला अध्यक्ष डॉ. रामवीर सिंह और सचिव मनोज रघुवंशी ने कहा कि इस भूमि पर आने वाले समय में सेवा के बड़े प्रकल्प संचालित किए जाएंगे, जिससे निर्धन और जरूरतमंद तबके को सीधा लाभ मिलेगा। इस अवसर पर एडवोकेट दीपक रजक , प्रदीप सरवैया , मनोज सोनी आदि भी उपस्थित रहे वीरेंद्र सिंह सिसोदिया पूर्व में किसान संघ के जिला अध्यक्ष रहे एडवोकेट के. रघुवंशी और विभाग समन्वयक प्रमोद यादव सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## विद्यालयों में किशोर स्वास्थ्य सुदृढ़ करने शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम

**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में दक्ष फाउंडेशन जबलपुर के सहयोग से आयुष्मान भारत - उमंग स्कूल हेल्थ एवं वैलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्था (डाइट) में हेल्थ एवं वैलनेस एम्बेसडर शिक्षकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का द्वितीय चरण दिनांक 16 फरवरी से 18 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है।प्रशिक्षण का उद्देश्य किशोर एवं किशोरियों से संबंधित शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक समस्याओं की पहचान एवं समाधान हेतु शिक्षकों को सक्षम बनाना है, जिससे वे विद्यालय स्तर पर हेल्थ एम्बेसडर की भूमिका प्रभावी रूप से निभा सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम डाइट प्राचार्य एस.के. वशिष्ठ के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है।प्रशिक्षण सत्रों का संचालन मास्टर प्रशिक्षक सुधीर शर्मा, राजीव शर्मा, नवल मिश्रा, प्रशांत श्रीवास्तव, अरुण रघुवंशी, नरेंद्र भारद्वाज एवं कुलदीप नामदेव द्वारा समूह चर्चा, रोल प्ले, प्रश्नोत्तरी एवं सहभागिता आधारित गतिविधियों से किया जा रहा है।

## स्वास्थ्य विभाग और पत्रकार प्रेस क्लब चाचौड़ा बीनागंज के संयुक्त शिविर में बीपी-शुगर जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांचौड़ा

चाचौड़ा स्वास्थ्य विभाग चांचौडा एवं पत्रकार प्रेस क्लव चांचौडा- बीनागंज के संयुक्त प्रयासों से चाचौड़ा पत्रकार भवन में आयुष्मान एवं स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 85 मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवायें वितरण की गई साथ ही 70 वर्ष से अधिक उम्र के 15 आयुष्मान कार्ड एवं 50 सामान्य आयुष्मान कार्ड कुल 65 कार्ड बनाये गए, केम्प में बल्ड प्रेशर, शुगर के मरीजों की जांच की गई और दवायें वितरण की गई । वीएमओ डॉ राजेश कुमार पुष्पक द्वारा बताया गया कि गैर संचारी रोग जैसे वी.पी. शुगर हेतु सभी 30 वर्ष से अधिक उम्र लोगों को जांच कराना चाहिये , ताकि सही समय पर वीमारी की पहचान होने पर उसका निदान किया जा सके। कैम्प में नगर के अधिवक्ता ,सहित पत्रकार जन एवं आम नागरिकों के द्वारा B.P. एवं शुगर की जाँच कराकर दवाये प्राप्त की।



# रमज़ान के पवित्र माह में पांच वक्तों की नमाज़े मस्जिदों में होगी अदा, व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

गुना जिला वक़्फ़ कमेटी के अध्यक्ष जाकिर बाबड़ी ने तमाम व्यवस्थाओं को लेकर की अपील गुना कलेक्टर से उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि पवित्र माह रमज़ान दिनांक 17 एवं 18 फरवरी से एक माह के लिये प्रारम्भ हो रहा है जिसमें शहर की तमाम मस्जिदों में इबादत नमाज़े अलसुबहा से मध्यरात्रि तक आरम्भ हो जावेगी जिसमें सभी मुसलमान भाई पांच वक्तों की नमाज़े मस्जिदों में अदा करेंगे । अतः गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल आपसे गुज़ारिश है कि सुरक्षा व्यवस्था, लाईट, पानी एवं सफाई व्यवस्था हेतु अधिकारियों को निर्देशित करने की कृपा करें जिससे शांति पूर्वक यह पवित्र माह ज़ायरीन



(श्रद्वालु) अपनी इबादत सम्पन्न कर सकें ! आपके सहयोग के बिना यह संभव नही है !

**रमज़ान 2026: कब से शुरू होगा? कैसे मनाया जाएगा? :** इस्लाम का सबसे पवित्र महीना रमज़ान 2026 जल्द ही आ रहा है। इस्लामी कैलेंडर चंद्रमा पर आधारित होता है, इसलिए रमज़ान हर साल लगभग 10-11 दिन पहले आता है। इस साल रमज़ान की शुरुआत 17 या 18 फरवरी 2026 से होने की संभावना है — चांद दिखने पर निर्भर करता है। सऊदी अरब में चांद दिखने की उम्मीद 17 फरवरी को है, तो वहां पहला रोजा 18 फरवरी को होगा

**रमज़ान क्यों मनाया जाता है? :** रोजा (उपवास) इस्लाम के पांच अनिवार्य स्तंभों में से एक है — सूर्योदय से सूर्यास्त तक खाना-पीना और गलत कामों से दूर रहना।

**रमज़ान में क्या होता है?:** - सेहरी – सूर्योदय से पहले का भोजन।- इफ्तार – सूर्यास्त के बाद रोजा खोलने का खाना।

- तरावीह – रात में विशेष नमाज।- ज़कात और सदका – गरीबों को दान देना अनिवार्य है।- शब-ए-कद्र – 25,26, तारीख को मनाई जाती है भारत में रमज़ान 2026- भारत में रमज़ान की शुरुआत 18 या 19 फरवरी 2026 से होने की संभावना है।-

चांद दिखने के बाद स्थानीय मस्जिदों और धर्मगुरुओं द्वारा इसकी आधिकारिक घोषणा की जाएगी।- ईद-उल-फितर (रमज़ान का अंत) 29 या 30 , जेलों में कैदियों को रमज़ान में नमाज और कुरान पढ़ने की इजाजत देने के आदेश भी आए हैं ! रमज़ान का महीना सभी के लिए रहमत, बरकत और मगफिरत का महीना है। इस महीने में सभी मुसलमानों को रोजा रखने, नमाज अदा करने, दान-पुण्य करने और एक-दूसरे के साथ भाईचारा बढ़ाने की सलाह दी जाती है।

# महिला जैन मिलन अशोकनगर ने अधिवेशन में कई पुरस्कार जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

महिला जैन मिलन अशोकनगर शाखा के सदस्यों ने हाल ही में आयोजित क्षेत्रीय अधिवेशन चंदेरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम गौरवान्वित किया। अधिवेशन के दौरान शाखा के कई पदाधिकारियों एवं सदस्यों को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए बेस्ट अवार्ड एवं आकर्षक उपहार प्रदान किए गए।

अधिवेशन में प्रीति पाली को बेस्ट अध्यक्ष एवं स्वागत समिति की गिफ्ट से सम्मानित किया गया। विनिता सम्यक ज्वैलर्स को बेस्ट अवार्ड, अवनीश पाली को बेस्ट शाखा सदस्य (लकी गिफ्ट), आशी मिर्ची को बेस्ट मंत्री, नीतू आलीशान को बेस्ट कोषाध्यक्ष तथा मीनू खेरा को उपाध्यक्ष के रूप में सम्मान प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त हर्षिता, विनीता मिर्ची, दीप्ति काशल, श्वेता भोपाली, प्रीति बाबा एवं शैलजा खेरा को बेस्ट सदस्य अवार्ड से नवाजा गया। स्वागत समिति में उत्कृष्ट योगदान हेतु मीनू रोकड़िया को स्वागत अध्यक्ष का पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में महेंद्र कडेसरा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर फ्रिज पुरस्कार जीता, वहीं संजू सिंघई ने तृतीय स्थान प्राप्त कर बेस्ट गिफ्ट अर्जित किया। इस उपलब्धि में विनीता (सम्यक ज्वेलर्स), रानी गांधी, ऋद्धि, सुरभि बड़कुल सहित सभी सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा। अधिवेशन के सफल आयोजन हेतु राष्ट्रीय पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, मंत्री, समस्त पदाधिकारी एवं जैन मिलन परिवार चंदेरी के प्रत्येक सदस्य को हार्दिक बधाई दी गई। सभी सम्मानित सदस्यों ने सामूहिक रूप से अशोकनगर का नाम गौरवान्वित किया।







## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ईसागढ़ में हर्षोल्लास के साथ दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ

**ईसागढ़।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ईसागढ़ में दीक्षांत समारोह बड़े ही हर्ष, उल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अमित कुमार गोस्वामी उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में दीपक शर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम की शोभा पंडित उज्ज्वल द्विवेदी (खेड़ापति), समिति के सह सचिव गेंदालाल श्रीवास्तव तथा समस्त आचार्य परिवार की गरिमामयी उपस्थिति से और बढ़ गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे उपस्थित जनसमूह भाव-विभोर हो गया। विद्यालय के प्राचार्य महेश शर्मा ने सभी भैया-बहनों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को संस्कारित, आत्मनिर्भर और राष्ट्रभक्त नागरिक बनाना है। प्राचार्यएवं आचार्य परिवार की ओर से सभी विद्यार्थियों को उपहार भेंट कर उनके उत्साह को बढ़ाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों की ओर से भी विद्यालय को उपहार स्वरूप रामलला एवं खाटू श्याम जी की तस्वीरें भेंट की गईं, जिसे सभी ने श्रद्धापूर्वक स्वीकार किया। यह क्षण अत्यंत भावनात्मक एवं प्रेरणादायी रहा। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य महेश शर्मा द्वारा सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया।

# पंजाबी महिला समिति के सात दिवसीय सेवा कार्यक्रम की दिव्यांगों से शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पंजाबी महिला समिति द्वारा समाजसेवा की भावना को साकार करते हुए दिव्यांग बच्चों के लिए एक विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम समिति के सेवा सप्ताह की शुरुआत का पहला प्रोजेक्ट था, जिसके माध्यम से जरूरतमंद और दिव्यांग बच्चों को सहायता प्रदान करने का उद्देश्य रखा गया। समिति के सदस्यों ने पूरी लगन और उत्साह के साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग बच्चों को खाने-पीने की विभिन्न सामग्री वितरित की गई। इसके साथ ही बच्चों को स्नेह और अपनापन भी दिया गया। समिति के सदस्यों ने बच्चों से बातचीत की, उनके हालचाल पूछे और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष गायत्री अरोरा ने कहा कि दिव्यांग बच्चे समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनकी देखभाल करना हम सभी का दायित्व है। ऐसे सेवा कार्यों से न केवल बच्चों को सहायता मिलती है, बल्कि समाज में मानवता और करुणा की भावना भी मजबूत होती है। समिति का मानना है कि छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव ला सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखकर सभी सदस्यों सचिव मीता सदाना, कुसुम अरोरा, पूनम अरोरा, सोनिया अरोरा को आत्मसंतोष की अनुभूति हुई। पंजाबी समिति ने यह संकल्प लिया कि सेवा सप्ताह के अंतर्गत आगे भी इसी प्रकार के सामाजिक एवं सेवा कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद बच्चों को लाभ मिल सके।



## कलेक्टर ने तहसीलदार न्यायालय व लोसे केंद्र मुंगावली का किया निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा बुधवार को मुंगावली के भ्रमण के दौरान तहसीलदार न्यायालय एवं लोक सेवा केन्द्र का निरीक्षण किया गया। तहसीलदार न्यायालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन के प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। लोक सेवा केन्द्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने लोक सेवा केन्द्र में पहुंचकर आधार अपडेशन, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों के प्रकरण निर्धारित समय सीमा में तैयार किए जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि लोक सेवा केन्द्र पर आने वाले आवेदकों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और उनकी समस्याओं का समाधान समय पर किया जाना चाहिए। लोक सेवा केन्द्र में आने वाले आवेदकों से प्राप्त आवेदनों की ऑफलाइन पंजी संधारित हो यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा बुधवार को मुंगावली के भ्रमण के दौरान शासकीय प्राथमिक विद्यालय मुंगावली एवं आंगनवाडी केन्द्र क्रमांक 01 मुंगावली का निरीक्षण किया गया।

# सीसीटीएनएस सॉफ्टवेयर में उत्कृष्ट कार्य अशोकनगर प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी माह जनवरी 2026 की सीसीटीएनएस रैंकिंग में जिला अशोकनगर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

यह उपलब्धि पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व, प्रभावी मॉनिटरिंग एवं सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश प्रदान किए गए थे कि थाना स्तर पर पंजीबद्ध अपराधों, विवेचना, आरोपियों, गवाहों, जब्ती, निराकरण एवं अन्य विधिक कार्यवाहियों से संबंधित सभी जानकारी सीसीटीएनए सॉफ्टवेयर में उपयुक्त, शुद्ध एवं तथ्यात्मक रूप से दर्ज की जाए। साथ ही डाटा क्वालिटी एवं डाटा क्वांटिटी के मानकों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने हेतु विशेष रूप से जोर दिया गया।



इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेन्द्र सिंह कँवर, एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा, एसडीओपी चन्देरी महेश शर्मा एवं एसडीओपी मुंगावली सनम बी. खान के मार्गदर्शन में जिला पुलिस अशोकनगर के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा सीसीटीएनएस प्रविष्टियों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया गया। जिले के प्रत्येक थाने में सीसीटीएनएस ऑपरेटरों एवं संबंधित कर्मचारियों को डाटा एंट्री की शुद्धता, तकनीकी त्रुटियों के निराकरण, लंबित प्रविष्टियों के शीघ्र अद्यतन, पुराने रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण तथा दैनिक आधार पर मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सुनिश्चित की गई।

उक्त समन्वित प्रयासों एवं सतत पर्यवेक्षण के फलस्वरूप दिनांक 17.02.2026 को जारी माह जनवरी 2026 की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जिला अशोकनगर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि न केवल जिले की पुलिस कार्यप्रणाली की पारदर्शिता एवं दक्षता को दर्शाती है, बल्कि तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

## कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षाओं का किया औचक निरीक्षण

**अशोकनगर।** जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं के सुचारू एवं पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर साकेत मालवीय ने बुधवार को बोर्ड परीक्षा केंद्र मुंगावली का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय मॉडल हायर सेकेण्ड्री विद्यालय मुंगावली केंद्र का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने परीक्षा कक्षों की व्यवस्था, प्रवेश प्रक्रिया, बैठने की व्यवस्था, प्रश्न पत्र वितरण प्रणाली, पर्यवेक्षकों की उपस्थिति तथा सुरक्षा इंतजामों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने केंद्र प्रभारियों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने परीक्षार्थियों को शांत, सुरक्षित और अनुशासित वातावरण उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। नकल पर नियंत्रण रखने और सभी व्यवस्थाओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रशासन द्वारा बोर्ड परीक्षाओं को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# जिला जेल अशोकनगर में विधिक जागरुकता शिविर आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में व न्यायाधीश/सचिव मनीष अनुरागी, न्यायाधीश हर्षिता शर्मा गौड़ एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा की उपस्थिति में बुधवार को जिला जेल अशोकनगर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के दौरान निरूद्ध बंदियों से उनके अधिवक्ताओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर बताया गया कि यदि किसी बंदी के पास अधिवक्ता नहीं है तो वह विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है। साथ ही बंदियों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई व बताया गया कि प्रत्येक बंदी को अपने अधिकार और कानूनी सलाह, विधिक सहायता के माध्यम से प्राप्त करने का अधिकार है।



बंदियों को प्लीबार्गेनिंग योजना के संबंध में भी जानकारी दी गई। साथ ही बंदियों से उनके स्वास्थ्य, खान-पान एवं प्रकरणों की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली गई। बंदियों से अपील की गई कि जेल सुधार गृह है। यहां रहने के दौरान आत्ममंथन और चिंतन करने की जरूरत है। मन में हताशा एवं निराशा के भाव नहीं रखना चाहिए। जिससे यहां से निकलने के बाद वे समाज में अच्छे नागरिक होने का दायित्व निभा सकें। जिला जेल की पाकशाला, लाइब्रेरी, वीडियो कान्फ्रेंस कक्ष एवं जेल परिसर का निरीक्षण किया। इसमें जेल अधीक्षक ललित दीक्षित, लीगल एड डिफेंस काउंसल डिप्टी रफीक खान, पीएलव्ही विवेक यादव पीएलव्ही,कृष्णा मोहन दुबे एवं जेल स्टाफ उपस्थित रहा।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोनी कॉलोनी निवासी राजकुमार जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सब्जी का ठेले वाले चालक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुशवाह कॉलोनी निवासी मुन्नीबाई केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मनोज केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कंजिया थाना भानगढ जिला सागर निवासी डब्बू आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी ओमप्रकाश बागड़ी और उसके साथी ने डंडे से उसकी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम मल्हारगढ निवासी वासुदेव पुत्र गोपाल सिंह राजपूत ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### 23 वर्षीय युवक ने फांसी लगाई

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम तमाशा निवासी ऊदल पुत्र रामलाल अहिरवार उम्र 23 साल ने घर के पीछे बने कच्चे कमरे में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### अज्ञात चोर स्कूटी चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत रजनी साहू ब्रम्हाकुमारी आश्रम दुर्गा कॉलोनी चंदेरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आश्रम के बाहर से कोई अज्ञात चोर उसकी स्कूटी चोरी कर ले गया। जिसका नम्बर एमपी 67 एमजी 2255 है, पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### जिला जनगणना समिति की बैठक आज

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक 19 फरवरी 2026 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सायं 05 बजे से आयोजित की गई। बैठक में समस्त समन्वय समिति के सदस्यों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए।

### टॉवर की केबिल काटकर नुकसान किया

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत राकेश खरे निवासी कान्हा पार्क कॉलोनी अशोकनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सत्यानारायण जोशी निवासी शंकर कॉलोनी कंपनी के टॉवर की केविल काटकर नुकसान कर क्षतिग्रस्त कर दिया।

### मध्यस्थता जागरूकता शिविर का आयोजन

**अशोकनगर।** प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में व प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय केशव मणि सिंहल की अध्यक्षता में एवं न्यायाधीश सुश्री सोनम गुप्ता की एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा की उपस्थिति में कुटुम्ब न्यायालय परिसर, अशोकनगर में मध्यस्थता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय केशव मणि सिंहल द्वारा उपस्थित पक्षकारगण को बताया कि पारिवारिक विवादों को सुलझाने के लिए न्यायालय में लंबी कानूनी प्रक्रिया में जाने के बजाय, मध्यस्थता एक बेहतर विकल्प हो सकता है। जिसमें एक मीडिएटर दोनों पक्षों को आपसी सहमति से विवाद सुलझाने में मदद करता है। मध्यस्थता का उपयोग पारिवारिक विवाद, तलाक, बच्चे की कस्टडी, संपत्ति विवाद आदि मामलों में मध्यस्थता की जाती है। साथ ही म0प्र0 अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, 2015, लीगल एड डिफेंस काउंसल योजना, निःशुल्क विधिक सहायता एवं विधिक सलाह योजना एवं नालसा हेल्पलाईन नंबर 15100 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गईं।

### अब तक 6 विक्रेताओं पर हो चुकी है कार्रवाई

# मसूर और चना की फसल में दवा के छिड़काव से फसलें नष्ट, जांच के लिए समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



एक दिन पहले जिले के कईं स्थानों से आए किसानों ने जन सुनवाई से लेकर कृषि विभाग के अधिकारियों तक शिकायत की थी कि उनके द्वारा जिन खाद विक्रेताओं के यहां से कीटनाशक दवाएं खरीदी गई थीं वह सब नकली और मिलावटी थीं जिनके कारण उनकी फसलें नष्ट हो गई हैं। जिसमें एक चने की फसल खराब होने की शिकायत और दूसरी मसूर की फसल खराब होने की शिकायत की गई थी। जिसके बाद जांच के लिए जिले में एक समिति गठित की गई है।

कृषि उप संचालक अमित सिंह ने बताया कि इस समिति में कृषि विज्ञान केन्द्र से एक वैज्ञानिक और आत्मा प्रोजेक्ट से एक वैज्ञानिक को शामिल किया गया है। एक एक एसएसडीईओ प्रत्येक विकास खण्ड से संबंध किए गए है। संबंधित क्षेत्र के आरएईओ शामिल किए गए हैं। यह समिति इस बात की जांच करेगी की उक्त दवाएं किसानों द्वारा किस दुकान से खरीदीं गई थीं, जिन किसानों द्वारा खाद विक्रेताओं के नामजद शिकायत की गई है उन दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए हैं ओर जबाव मांगा गया है। देखना है कि अभी जिले में और भी किसानों की इस तरह की शिकायते आ सकती हैं। अशोकनगर जिला कृषि प्रधान जिला है यहां के किसानों को खाद से लेकर बीज और कीटनाशक दवाओं की जरूरत पड़ती है, जरूरत पड़ने पर किसान उन लायसेंसी दुकानदारों के यहां जाते हैं जिन्हे कृषि विभाग द्वारा मान्यता दी गई है। इन दोनों किसानों ने ऐसे ही दो बड़े दुकानदारों की शिकायत की है, सवाल शिकायत का नही है सवाल यह है कि इन किसानों की पूरे जीवन भर की कमाई नकली कीटनाशक दवाओं के कारण पानी में चली गई है। अब किसान अपने शिकायती आवेदनों में मुआवजा भरपाई की मांग कर रहे हैं। किसानों की शिकायतों के बाद कृषि विभाग को चाहिए कि उन दुकानदारों के यहां संबंधित कीटनाशक पदार्थों को जप्त किया जाए और उच्च स्तरीय जांच के लिए लेबोरेटरी में भेजा जाए ताकि उनकी जांच सामने आ सके। दुकानदारों ने किसानों को माल बेचकर पैसा कमा लिया है लेकिन उन किसानों का क्या हो जिनकी फसल ही नष्ट हो गई है।

#### जिले में अब तक 6 दुकानदारों के खिलाफ हो चुकी है एफआईआर

कृषि उपसंचालक अमित सिंह ने बताया कि जिले में नकली खाद से लेकर दवाओं की उपलब्धता की शिकायतों के बाद अब तक 6 दुकानदारों के यहां कृषि विभाग द्वारा एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही कराई जा चुकी है। जिसमें महौली,प्राणपुर,हीरावल के सेल्समैन मुकेश नरवरिया, कुशवाह कृषि सेवा केन्द्र नईसरायं के राघवेन्द्र कुशवाहा, यूरिया के बैग मिलने पर वाहन चालक श्रवण पुत्र दयाराम एवं जितेन्द्र, राजकुमार शर्मा के खिलाफ अवैध परिवहन को लेकर कार्यवाही की गई है। नकली खाद विक्रय करने पर समीर, नदीम,इंसाफ, वंटी निवासी मुंगावली तथा अवैध परिवहन करने पर सलमान खान,शिवकुमार लोधी, पुरूषोत्तम लोधी वाहन चालक पर कार्यवाही की गई है। नकली डीएपी के परिवहन को लेकर यह कार्यवाही की गई है। यूरिया अवैध परिवहन को लेकर बंगला चैराह के आरिफ खाद भंडार पर कार्यवाही की गई है।

#### जिले में अब तक के इतिहास में सबसे अधिक यूरिया अशोकनगर पहुंची

जिले में लगातार हर वर्ष यूरिया की मांग बढ़ती जा रही है, अब तक के इतिहास में अशोकनगर जिले में 48380 मेट्रिक टन यूरिया खाद अशोकनगर पहुंच चुकी है और जिसका किसानों को वितरण किया जा चुका है। गतवर्ष यूरिया 47611 मेट्रिक टन का वितरण किया गया था। अशोकनगर जिला कृषि प्रधान क्षेत्र है यहां रकबा भी हर फसल में बदलता है। रवि की फसलों के समय जिले का रकबा 3 लाख 1 हजार मेट्रिक टन तथा खरीफ का रकबा 3 लाख 3 हजार मेट्रिक टन रहता है। जिले में अगर किसानों की बात करें तो कुल किसानों की संख्या 1 लाख 65 हजार है जिनमें 1 लाख 37 हजार किसान छोटे स्तर के हैं जिन्हें पीएम सम्मान निधि की राशि प्रदाय की जाती है यह सभी किसान दो हेक्टेयर भूमि तक के स्वामी हैं।

#### जिले में चंदेरी, ईसागढ में प्राकृतिक खेती पर अधिक रूझान

जिले में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। किसानों को प्राकृतिक खेती के फायदे भी बताए जा रहे हैं, वर्तमान 2025-26 में जिले में 1250 किसान प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। अगर इन किसानों में प्राकृतिक खेती को लेकर आ रहे परिवर्तन की बात करे तो अशोकनगर और मुंगावली में किसानों का रूझान चंदेरी और ईसागढ की तुलना में कम है। चंदेरी और ईसागढ में 375-375 किसान हैं जबकि मुंगावली और अशोकनगर में 250-250 किसान हैं जो प्राकृतिक ढंग से खेती कर रहे हैं।

### क्षेत्रीय अधिवेशन में जैन मिलन सेंट्रल को मिले कई पुरस्कार

**अशोकनगर।** रविवार को भारतीय जैन मिलन के क्षेत्र-12 का रजत जयंती वार्षिक क्षेत्रीय अधिवेशन तीर्थक्षेत्र खंदार जी चंदेरी में आयोजित किया गया। इसमें सर्वश्रेष्ठ शाखा का पुरस्कार जैन मिलन सेंट्रल अशोकनगर को प्राप्त हुआ। जैन मिलन सेंट्रल के अध्यक्ष सचिन जैन बारी को श्रेष्ठ शाखा अध्यक्ष एवं मंत्री सचिन जैन सर्राफ को सर्वश्रेष्ठ शाखा मंत्री का पुरस्कार भी प्राप्त हुआ। इसी क्रम में बैनर प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।लकी ड्रा में विजयी जितेन्द्र जैन को पुरुस्कृत किया गया। व्यक्तिगत पुरुस्कारों के क्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जैन कैंची ,संयुक्त मंत्री महेंन्द्र जैन एवं आंनद गांधी ,राष्ट्रीय मार्गदर्शक प्रमोद जैन छाया को भी सम्मानित किया गया। शाखा मंत्री सचिन जैन सर्राफ ने जानकारी देते हुए बताया समाज सेवा मे अग्रणी संस्था भारतीय जैन मिलन के क्षेत्र संख्या 12 का क्षेत्रीय अधिवेशन, रविवार को खंदार जी में जैन मिलन चंदेरी के आतिथ्य मे संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में विभिन्न राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ क्षेत्र की सभी शाखाओं , महिला जैन मिलन एवं युवा जैन मिलन इकाइयों के अध्यक्ष मंत्री सहित 250 से अधिक सदस्यों ने सहभागिता की। राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने दिशा निर्देश देकर शाखा संचालन के टिप्स दिए कार्यक्रम प्रातः ध्वजारोहण से शुरू हुआ। चित्र अनावरण,दीप प्रज्ज्वलन महावीर प्रार्थना के साथ प्रारम्भ भव्य कार्यक्रम में क्षेत्र की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के साथ संस्था की विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा हुई। अधिवेशन में भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय विशिष्ट संरक्षक विजय जैन गुना, समारोह गौरव के रूप में ,राष्ट्रीय मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष नरेश चंद जैन देहरादून मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र जैन राजकमल,राष्ट्रीय महामंत्री अजय जैन सहारनपुर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जैन आदि रहे मौजूद।

विद्युत विभाग ने बिजली चोरी को लेकर कईं टीम गठित की

## ग्रामीण अंचलों में अवैध बिजली के कनेक्शन काटे जाने के बाद भी फिर कनेक्शन जोड़ लिए जाते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



अतिरिक्त अधीक्षण यंत्री मध्यप्रदेश विधुत वितरण कंपनी की ओर से देवेन्द्र मेहरा ने बताया कि अवैध रूप से कनेक्शन कर लिए जानों के खिलाफ अब तक 19 हजार कनेक्शन काटे जा चुके हैं। इसके बाबूजूद भी ग्रामीण अंचल के लोग अवैध रूप से फिर कनेक्शन जोड़ लेते हैं, बिजली चोरी को रोकने के लिए जिले में कईं टीम गठित की गई हैं जिनमें अशोकनगर डिवीजन के अंतर्गत शहर में 8 टीम, तूमैन फीडर पर 7, शाढ़ौरा फीडर पर 6 टीम, नईसरायं फीडर पर 10, आंवरी फीडर पर 7 और ईसागढ में 09 टीम व चंदेरी में 10 टीमें बनाई गई हैं।

उन्होंने बताया कि अशोकनगर डिवीजन में जनवरी में 874 करोड़ यूनिट बिजली प्रदाय की गई थी। जिसके बदले में 55 प्रतिशत राशि का ही कलेक्शन हो पा रहा है, शेष राशि लॉस में जा रही है। जिले में 2 हजार 728 करोड़ की राशि बकाया है, जिले की नगरपालिकाओं से 8 करोड 45 लाख, स्वास्थ्य विभाग से 1 करोड 7 लाख, शिक्षा विभाग से 1 करोड 68 लाख, महिला बाल विकास विभाग से 2 करोड 46 लाख राशि बकाया है।

अशोकनगर शहर में नागरिको 'को पर्याप्त मात्रा में बिजली उपलब्ध हो इसके लिए पुराने तारों की क्षमता बढ़ाई जा रही है और वृद्धि का काम किया जा रहा है। जो तार कम क्षमता के थे उनकी क्षमता बढ़ाई जा रही है। शहर में 381 ट्रांसफार्मर हैं जिनसे बिजली प्रदाय की जाती है, अशोकनगर शहर में 29812 उपभोक्ता हैं। ट्रांसफार्मर 100 से लेकर 20 किलोवाट की क्षमता के हैं, शहर में बिजली के नए खंबे नहीं लग पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बिजली की समस्या को लेकर 1912 की सुविधा प्रदान की गई है।

## वर्मी कम्पोस्ट, जैविक खेती व हेल्दी लाइफ स्टाइल विषय पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



शासकीय महाविद्यालय सहराई में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण एवं उपयोग जैबिक खेती एवं हेल्थी लाइफ स्टायल विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला- पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (इफ्को) तथा आइक्यूएएस के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के इको क्लब, रासेयो के द्वारा आयोजित की गई। कार्यशाला में शैलेश सिंह कुशवाह सी.ई.ओ. एवं मुख्य प्रशिक्षक शिववीर सिंह जनकल्याण समिति ग्वालियर उपस्थित हुए। अन्य प्रशिक्षक में सतेन्द्र सिंह हेल्थ एक्सपर्ट, अजय सिंह जैविक खेती विशेषज्ञ ग्वालियर से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अतुल गुप्ता द्वारा की गई।

उन्होंने प्रतिभागियों को जैविक खेती के प्रति रुझान बढ़ाने एवं वर्मी कम्पोस्ट के क्षेत्र में कैरियर निर्माण करने का आग्रह किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अतुल गुप्ता ने विद्यार्थियों के प्रशिक्षण को गंभीरता से समझने और शंकाओं का समाधान करने का आग्रह विद्यर्थियों से किया। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय का शिववीर सिंह जनकल्याण समिति ग्वालियर से एमओयू साइन है; छात्रों को इसका लाभ उठाना चाहिए। प्रशिक्षकों द्वारा वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने की सम्पूर्ण प्रक्रिया को समझाते हुए उसका प्रेक्टीकल करके बताया। उसमें डाले जाने वाले केंचुएँ को प्रतिभागियों ने स्वयं अपने हाथ में लेकर देखा और सम्पूर्ण प्रक्रिया को गंभीरता से समझा। शैलेश सिंह कुशवाह ने बताया कि सर्वप्रथम गोबर को 15 दिन तक ठण्डा किया जाता है, उसके बाद उसकी एक नर्म बेल्ट तैयार कर उसमें केचुओं को डालकर 45 दिन तक कम्पोस्ट प्रक्रिया में रहती है। जिसके बाद वर्मी कम्पोस्ट को अलग से छानकर केंचुओं को सुरक्षित जगह पर नई वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने के लिए रखा जाता है। जैविक खाद को गर्मियों के दिनों में 45 दिन लगते है जबकि सर्दियों मे यह खाद 60 दिन में बनकर तैयार होती है। ने स्वच्छता पखवाड़े की जानकारी देते हुए बताया कि केचुआ खाद से तैयार फसल अधिक पौष्टिक होती है।

कार्यशाला की आयोजन सचिव हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष एवं इको क्लब की प्रभारी डॉक्टर अंजू सिहारे रही उन्होंने कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के रविन्द्र रीतोरिया के द्वारा किया गया। रोजगार की दृष्टी से वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन एक ऐसा व्यवसाय है, जिसमें कम लागत में बेहतर मुनाफा संभव है. यह न सिर्फ मृदा की गुणवत्ता सुधारता है, बल्कि ग्रामीण और शहरी स्वच्छता में भी अहम भूमिका निभाता है. फसल अवशेषों और जैविक कचरे का उपयोग कर उत्तम गुणवत्ता की जैविक खाद तैयार की जाती है, जिससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होती है। इस अवसर पर द्वारा अमन शर्मा द्वारा तकनीकि सहयोग प्रदान किया गया।

### शासकीय आई.टी.आई अशोकनगर में प्लेसमेंट ड्राइव का हुआ आयोजन

**अशोकनगर।** कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अंतर्गत बुधवार को शासकीय आई टी आई अशोकनगर में प्रशिक्षनार्थियों को रोजगार लाभ उपलब्ध कराने हेतु प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। प्राचार्य नीरज घंघोरिया के निर्देशन में एवं ट्रेनिंग प्लेसमेंट अधिकारी दानिश दुर्रानी के मार्गदर्शन में मारुती सुजुकी इंडिया लिमिटेड द्वारा गुजरात प्लांट हेतु परीक्षा उपरान्त 27 प्रशिक्षनार्थियों का प्राथमिक चयन किया गया। चयन प्रक्रिया उपरान्त प्रशिक्षनार्थियों को अल्पाहार दिया गया। मारुती सुजुकी कंपनी की ओर से रोहित त्यागी द्वारा प्रशिक्षनार्थियों को कंपनी के बारे जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में शासकीय आईटीआई की ओर से देवेन्द्र माहोर, भोलाराम आदिवासी, रेखा सहरिया, मधु द्वेवेदी द्वारा पूर्ण सहयोग दिया गया एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



### मौके पर ही हुए लैब टेस्ट, पानी की नवीन टंकी के निर्माण का निरीक्षण किया

## अधीक्षण यंत्री ने जांची अशोकनगर जलप्रदाय योजना की गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग (ग्वालियर-चंबल संभाग) के अधीक्षण यंत्री जे.पी. पारा ने अशोकनगर नगरपालिका परिषद के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अमृत 2.0 जलप्रदाय परियोजना के कार्यों की गुणवत्ता को लेकर कड़ा रुख अपनाया और निर्माण स्थल पर ही मशीनों के जरिए स्ट्रेंथ की जाँच कराई।

#### निर्माण कार्यों का तकनीकी परीक्षण

निरीक्षण के दौरान अधीक्षण यंत्री ने बस स्टैंड, त्रिलोकपुरी कॉलोनी और टोरिया में निर्माणाधीन पानी की टंकियों का बारीकी से अवलोकन किया। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने मौके पर ही निम्नलिखित तकनीकी परीक्षण करवाए।एनडीटी रिबाउंड हैमर टेस्ट निर्माणाधीन संरचनाओं के बीम और कॉलम की मजबूती जाँची गई।सीटीए मशीन टेस्ट क्यूब टेस्ट के जरिए कंक्रीट की कंप्रेशिव स्ट्रेंथ का परीक्षण किया गया। मटेरियल टेस्टिंग मिक्स डिजाइन के अनुसार कंक्रीट मिक्स रेशियो, सैंड (रेत) और गिट्टी की गुणवत्ता की परख की गई।

#### दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

पारा ने निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री और तकनीक को लेकर असंतोष पाए जाने पर सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अमृत 2.0 जैसी महत्वपूर्ण योजना में किसी भी प्रकार की तकनीकी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को समय-सीमा के भीतर और उच्च मानकों के साथ कार्य पूर्ण करने की हिदायत दी।

इस महत्वपूर्ण दौरे के दौरान मुख्य नपा अधिकारी विनोद उन्नीतान, उपयंत्री भानु कुशवाह, गौरव ठाकुर, शिव कुमार रघुवंशी उपस्थित थे। साथ ही टाटा पीडीएमसी से आर.ई. मनीष माथुर, ए.आर.ई. विश्वेंद्र सिंह, एफ.ई. अमन आदि रहे मौजूद।

### बजट सहित कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित

## नगर पालिका अशोकनगर पीआईसी की बैठक में विकास कार्यों को मिली हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नगर पालिका परिषद अशोकनगर की प्रेसिडेंट-इन- कौंसिल पीआईसी की एक महत्वपूर्ण बैठक नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में शहर के विकास और आगामी वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना को लेकर कई बड़े निर्णय लिए गए, जिससे शहर की तस्वीर बदलने की उम्मीद है।

बैठक में मुख्य रूप से परिषद के सदस्य और अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें शामिल पार्षदगण महेंद्र भारद्वाज, डॉ. जयमंडल यादव, प्रमेन्द्र तायडे (जॉर्ज), आशुतोष देवलिया, गीता आर्य, निक्की मोनू रघुवंशी और आयुषी जैन शामिल हैं। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान, उपयंत्री भानु कुशवाहा, शिव कुमार रघुवंशी, आयुष वर्मा और गौरव ठाकुर सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने बताया कि हमारा उद्देश्य शहर की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देना है। स्वीकृत कार्यों को समय सीमा में पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही अगले हफ्ते में नगर पालिका परिषद की बैठक की जायगी।



#### प्रमुख निर्णय और स्वीकृतियां

बजट 2026-27 आगामी वित्तीय वर्ष के लिए नगर पालिका के बजट को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। जिसमें सड़कों का डामरीकरण वर्षा काल में क्षतिग्रस्त हुए मार्गों के सुधार पर विशेष ध्यान दिया गया है। राजमाता चैराहा से अस्पताल चैराहा (अंडर ब्रिज होते हुए) और एचडीएफसी चैराहा तक के मार्ग पर डामरीकरण कार्य को मंजूरी दी गई है।

#### माधव भवन का कायाकल्प

शहर के ऐतिहासिक माधव भवन के जीर्णोद्धार का कार्य जल्द शुरू होगा। इसमें पुताई और अन्य आवश्यक मरम्मत कार्यों के लिए बजट स्वीकृत किया गया है।

#### नल कनेक्शनों पर रोक

नगरीय क्षेत्र में वर्तमान व्यवस्थाओं को देखते हुए नवीन नल कनेक्शन और स्थानांतरण पर रोक लगा दी गई है, जिस पर सभी पीआईसी सदस्यों ने सहमति जताई।

#### मोबाइल टॉयलेट की सुविधा

सामाजिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों की सुविधा के लिए नए मोबाइल टॉयलेट क्रय करने की स्वीकृति दी गई है।

#### मार्गों का नामकरण

शहर में महापुरुषों के सम्मान में महाराणा प्रताप मार्ग, भगवान वाल्मीकि मार्ग एवं संत गाडगे मार्ग चिन्हित किए जाएंगे।

### एक ही मरीज के निकाले 17 सिस्ट, आर्थिक बोझ से भी बचाया

# क्रिटीकल मरीजों के लिए संजीवनी बने सर्जरी एक्सपर्ट : डॉ. देशवाली

### जटिल बीमारियों का कम खर्च में सफल ऑपरेशन, मरीजों को मिल रही बड़ी राहत





**मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहे**

- बड़े शहरों में रेफर होने की जरूरत कम
- कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण सर्जरी
- गंभीर मामलों में भी मिल रही सफलता
- क्षेत्र के लोगों का कहना है कि अगर इसी तरह विशेषज्ञ सेवाएं मिलती रहीं तो जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था में बड़ा सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

लंबे समय से सर्जरी विशेषज्ञ की कमी से जूझ रहे जिले के क्रिटिकल मरीजों को अब बड़ी राहत मिली है। जिला अस्पताल में सर्जरी विशेषज्ञ डॉ अंकुर देशवाली के आने से जटिल बीमारियों का इलाज स्थानीय स्तर पर ही संभव हो रहा है। खास बात यह है कि महंगे निजी अस्पतालों के मुकाबले यहां कम खर्च में ऑपरेशन किए जा रहे हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को सबसे ज्यादा फायदा मिल रहा है।

जिला कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा,सीएमएचओ डॉ शोभा पटेल एवं सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा के अथक प्रयासों से जिला अस्पताल को संजीवनी के रूप में डॉ अंकुर देशवाली जैसा सर्जरी एक्सपर्ट मिल गया।

**17 सिस्ट (गांठें) निकाल कर दिया नया जीवन, खर्चा जीरो**

हाल ही में सारंगपुर सिविल अस्पताल में हुए एक जटिल सर्जरी ने पूरे क्षेत्र का ध्यान अपनी ओर खींचा। डॉक्टर अंकुर देशवाली ने एक मरीज के शरीर से एक साथ 17 सिस्ट (गांठें) सफलतापूर्वक निकालकर बड़ी उपलब्धि हासिल की। यह ऑपरेशन बेहद चुनौतीपूर्ण था, लेकिन विशेषज्ञता और सावधानी से इसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया। सबसे राहत की बात यह रही कि इतने जटिल ऑपरेशन के बावजूद मरीज पर भारी आर्थिक बोझ नहीं पड़ा।

स्थानीय स्तर पर ही उपचार मिलने से बड़े शहरों में रेफर होने और महंगे इलाज की परेशानी से भी बचाव हुआ। स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोगों का कहना है कि लंबे समय बाद क्षेत्र को ऐसा सर्जन मिला है, जो गंभीर और जटिल मामलों को भी आत्मविश्वास के साथ संभाल रहे हैं। इससे न केवल मरीजों का सेवाओं को भी मजबूती मिली है।

**एमसीएच डिग्री ने डां अंकुर को बनाया सर्जरी में सुपर एक्सपर्ट**

डॉ अंकुर देशवाली का काम के प्रति समर्पण ऐसा रहा की इंदौर के एमवाय अस्पताल में काम के प्रति समर्पण एवं मरीजों को आर्थिक शोषण से बचाने के साथ साथ सर्जरी विशेषज्ञ एमसीएच डिग्री भी एसवाय से प्राप्त की । एससीएच सर्जिकल में सुपर स्पेशलिटी डिग्री होती है जिसका लाभ सर्जरी में मरीजों को मिल रहा है।

### इंदौर से गुना शादी समारोह में जा रहे थे शामिल होने

# कार डिवाइडर से टकराकर पुल के नीचे गिरी, पति और पत्नी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 52 फोरलेन बाईपास पर धनोरा पुलिया के पास बुधवार शाम को एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए पुल से नीचे जा गिरी जिससे कार सवार पति-पत्नी दोनों की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार इंदौर निवासी दंपत्ति अपनी कार से बुधवार को इंदौर से गुना जा रहे थे तभी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 52 फोर लेन बाईपास धनोरा पुलिया के पास कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए पुलिया से नीचे जा गिरी जिससे कर सवार पति श्रीनिवास पिता काशीराम साहू उम्र 45 वर्ष निवासी एरोड्रम रोड इंदौर पत्नी सुनीता पति श्रीनिवास साहू उम्र 40 वर्ष निवासी आरोड़ो रोड इंदौर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें पास में खेत पर काम कर रहे किसान अपनी कार में डालकर सिविल अस्पताल सारंगपुर लाए । जहां डॉक्टर ने पति श्रीनिवास साहू का परीक्षण कर मृत घोषित कर दिया तथा पत्नी सुनीता साहू का डॉक्टर उपचार कर रहे थे उसी दौरान मौत हो गई दोनों पति-पत्नी के शव को पीएम रूम में रखा गया गुरुवार को पीएम होगा मृतक दंपति के परिजनों को पुलिस द्वारा सूचना की गई साथ ही पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया।

## फाइनल असेसमेंट कायाकल्प टीम ने किया निरीक्षण



**ब्यावरा।** बुधवार को सिविल हॉस्पिटल ब्यावरा में राज्य स्तरीय दो सदस्य फाइनल असेसमेंट कायाकल्प टीम ने निरीक्षण किया डॉक्टर नीरज चैहान गोविंद पाटीदार द्वारा हॉस्पिटल अप कीप, बायोवेस्ट, मैनेजमेंट ,हाइजीन एवं सेनिटेशन, इनफेक्शन कंट्रोल, इको फ्रेंडली एक्टीविटी, वियान्ड द वाल एक्टिविटिभ , डॉक्यूमेंट देखा गया। इसकी संपूर्ण रिपोर्ट राज स्तरीय सबमिट की जाएगी यदि स्कोर 70 प्रतिशत से ऊपर रहेगा तो संस्था अवार्ड के लिए नामित हो जाएगी चममत असेसमेंट में संस्था का स्कोर 80प्रतिशत से था इसलिए फाइनल असेसमेंट के लिए टीम को राजस्थानी से नियुक्त किया गया।

## भोपाल से सांवलिया सेठ मंडफिया धाम तक पैदल यात्रा का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

भोपाल जिले के झरखेड़ा निवासी वीरेंद्र पाटीदार के नेतृत्व में 11 व्यक्ति 430 किलोमीटर की पद यात्रा भोपाल से सांवलिया सरकार मंडफिया धाम राजस्थान के लिए निकले लगभग 450 किलोमीटर की यात्रा 14 फरवरी से प्रारंभ होकर 27 फरवरी तक मंडफिया धाम पहुंचेगी जिसमें खुजनेर नगर में श्री सांवलिया सेठ मंदिर पर पैदल यात्रा का स्वागत किया श्याम विश्वकर्मा एवं श्री सांवलिया सेठ उत्सव समिति के तत्वाधान में स्वागत किया गया जिसमें पूर्व नप अध्यक्ष पंकज शर्मा नप उपाध्यक्ष बाबूलाल कुशवाहा पुजारी कमल किशोर शर्मा, बृज किशोर गुप्ता, प्रेम राजपूत,अंतर सिंह राजपूत,महेंद्र शर्मा घड़ी वाले, मुकेश राजपूत वीरेंद्र शर्मा नरेंद्र विश्वकर्मा जगदीश ट्रेलर विष्णु सेन आदि द्वारा यात्रा का स्वागत किया।

# फर्जी ट्रांसपोर्ट एजेंट बनकर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय साइबर गिरोह का पर्दाफाश

### चार आरोपी गिरफ्तार, आठ मोबाइल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सारंगपुर पुलिस ने फर्जी ट्रांसपोर्ट एजेंट बनकर ट्रक चालकों एवं मालिकों से धोखाधड़ी करने वाले अंतर्राज्यीय साइबर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से आठ मोबाइल फोन जब्त किए हैं। पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे के नेतृत्व में साइबर अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 17 फरवरी 2026 को सारंगपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के काछीखेड़ी के जंगल में कुछ युवक मोबाइल के माध्यम से फर्जी ट्रांसपोर्ट एजेंट बनकर ट्रक चालकों एवं मालिकों से ठगी कर रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। जंगल में नाले के पास चार युवक मोबाइल से लोगों को कॉल करते मिले। पुलिस को देखकर वे भागने लगेए लेकिन घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में शरीफ पिता अलीमा मेव य26 वर्षद्धए साहिब पिता इस्लाम मेव य22 वर्षद्धए मुनफेद पिता इलियास मेव य28 वर्षद्ध तथा हमीद पिता छुट्टन मेव य32 वर्षद्ध शामिल हैं। चारों आरोपी ग्राम उदाकाए थाना कामा जिला डिगए राजस्थान के निवासी हैं।



**ऐसे करते थे ठगी**

आरोपी ट्रक चालकों एवं मालिकों के व्हाट्सएप ग्रुप से नंबर निकालकर देश के विभिन्न शहरों में रहने वाले लोगों को फर्जी लिंक एवं मैसेज भेजते थे। प्रलोभन देकर उन्हें झांसे में लेकर अपने खातों में पैसे डलवाते थे। आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 118ध्2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ कर आगे की विवेचना की जा रही है।वही पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से आईफोनए विवो एवं ओप्पो कंपनी के कुल आठ मोबाइल फोन यलगभग 1.30 लाख रुपये कीमतद्ध जब्त किए हैं। इस कार्रवाई में एसडीओपी अरविंद सिंहए थाना प्रभारी निरीक्षक आकांक्षा हाड़ा सहित पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका रही।

### राजगढ़ विस के लिए स्वीकृत

## सालाना बजटः राजगढ़ विस में नए बाइपास को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शहर से होकर गुजरे एनएच-52 पर प्रस्तावित बाईपास के अलावा राजगढ़ नगर में एक और बाईपास निर्माण को स्वीकृति मिली है। राज्य सरकार द्वारा बुधवार को प्रस्तुत बजट में करीब 20 करोड़ रुपए लागत वाले इस नए बाईपास निर्माण को हरीझंडी दी गई।

क्षेत्रीय विधायक अमर सिंह यादव ने बताया कि क्षेत्र में बुनियादी ढांचे और अधोसंरचना विकास के लिए बजट में राजगढ़ विस के लिए 23.5 करोड़ रुपए के तीन प्रस्ताव स्वीकृत हुए हैं जो कि लंबे समय से स्वीकृति के इंतेजार में थे। इनमें नगर के यातायात के दबाव को कम करने और शहर को बाहरी कनेक्टिविटी प्रदान करने के उद्धेश्य से बाईपास हेतु 20 करोड़ रुपए आवंटित हुए हैं। यह फोरलेन बाईपास नेवज नदी से सर्किट हाऊस होते हुए बनाया जाएगा। इसके अलावा खुजनेर नगर में अतिथियों के ठहराव हेतु 2 करोड़ की लागत से आधुनिक रेस्ट हाऊस निर्माण कार्य को भी सरकार ने स्वीकृत किया है।

**1 करोड़ से चौड़ा होगा राजगढ़ खुजनेर मार्ग**

इसके साथ ही राजगढ़-खुजनेर मार्ग के चैड़ीकरण के लिए भी 1 करोड़ 5 लाख रुपए की राशि बजट में स्वीकृत हुई है। उक्त राशि में बाद में ईजाफा किया जाएगा। इससे न केवल सड़क हादसों में कमी आएगी बल्कि आवागमन सुलभ हो पाएगा। विधायक यादव ने राज्य के सालाना बजट को जनहितेषी बताया है।

## पनियारा आश्रम मार्ग पर प्रवेश द्वार का भूमिपूजन

### जिपं सदस्य डॉ. विश्वनाथ दांगी की निधि द्वारा किया जा रहा निर्माण

**ब्यावरा।** मलावर के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल पनियारा आश्रम जाने वाले शमशेरपुरा - सुठालिया रोड स्थित जोड़ पूर्व विधायक स्व. गोवर्धन दांगी के संकल्प को पूर्ण करते हुए उनके पुत्र जिला पंचायत सदस्य डॉ विश्वनाथ दांगी जिपं सदस्य निधि से प्रवेश द्वार(दरवाजा) का निर्माण किया जा रहा है जिसका आज महाशिवरात्रि के अवसर पर वरिष्ठजन की उपस्थिति में विधिवत भूमि पूजन किया गया है पूर्व विधायक श्री रामचंद्र दांगी, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सिंधिया, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार जाट,सुरेश सुमन जिला समन्वयक कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग, सरपंच चेनसिंह, शिवनारायण, शिव दांगी, अर्पित शर्मा, केपी बना, मोहन यादव, जनपद सदस्य विष्णु गुर्जर, घीसालाल नेताजी, महेश, सरपंच विष्णु गुर्जर, हनुमंत सिंह गुर्जर, महेंद्र गुर्जर, विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर, अमर सिंह, भारत सिंह, राहुल नाथ, मुकेश, देवसिंह, राहुल, अनिल गुर्जर सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने इस विकास कार्य को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बताया और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

### उत्साह उमंग खुशियां सार्थक रूप में झलकती हैं जब जन्मदिन आता है : नीरज सेठिया



छापीहेड़ा। नगर परिषद छापीहेड़ा में कार्यरत श्री राम नागर को जन्मदिवस पर बधाई प्रेषित करने सभी इष्ट मित्र मिलने पहुंचे सभी में बारी-बारी से नागर को मिठाई खिलाते हुए जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की क्योंकि सेवार्थ भाव गर मन में रहता है तो विषम परिस्थितियों में भी सार्थक और सुगम परिस्थितियों का अनुभव साथ मिलने वालों से बन ही जाता है ऐसे ही मिलनसार है हम सबके लाडले नागर जी क्योंकि उनका स्वभाव सबके प्रति स्पष्ट रूप से सेवा भाभी दृष्टिकोण जैसा रखते हैं सबको साथ लेकर चलना तथा आगे बढ़ाने की राह सार्थक रूप से बताने के प्रयासों को निरंतर सबके बीच निछावर करना उनका स्वभाव ही सरलता जाहिर करता है तथा अपने कार्यों के प्रति कटिबद्धता के रूप में कार्य करना अपना कर्तव्य समझते हैं आज उनके जन्म दिवस पर जो मौजूद थे उन्होंने तथा जो बाहर थे मोबाइल के माध्यम से जन्मदिन की बधाइयां प्रेषित की।

### राजगढ़ में हाट बाजार के दुकानदारों को भेंट किए गुलाब के फूल

## पॉलीथिन मुक्त के लिए गांधीवादी राह पर गौसेवक

**राजगढ़।** अमानक पॉलीथीन के सेवन से गौवंश की लगातार हो रही मौतों के दृष्टिगत गौरक्षा समिति ने बुधवार को एक अभिनव पहल की है। अनेकों गौ-सेवकों ने कल मुख्यालय पर लगे साप्ताहिक हाट-बाजार पहुंचकर दुकानदारों को गुलाब का फूल भेंटकर उनसे पॉलीथीन का उपयोग न करने का आगृह किया। दुकानदारों से कहा गया कि आप लोग अगर ग्राहकों को पॉलीथीन में सामान रखकर नहीं देंगे तो ग्राहक स्वयं घरों से कपड़ों के थैले, बैग लाना शुरू करेंगे। गौसेवकों द्वारा गांधीवादी तरीके से उठाए गए इस कदम की काफी सराहना की जा रही है।



इस अवसर पर नयन विजयवर्गीय, दीपू पंडा, आकाश मेवाड़े, लक्ष्य तंवर, शिवनंदन गुर्जर, संजय वर्मा, पुल्कित पिपलोटिया, पंकज वर्मा, सावन पुष्पद, रोहित शर्मा, राहुल साहू, कुलदीप गुर्जर, चंपी गरवाल, कुलदीप बना सहित अन्य उपस्थित रहे।

**कुछ हफ्ते ही सीमित रही नपा की कार्यवाही**

पॉलीथीन मुक्त राजगढ़ के लिए स्थानीय निकाय द्वारा शुरूआत में जिस ऊर्जा के साथ काम किया गया था अब वह देखने नहीं मिल रहा है। नपा के कर्मचारियों ने साप्ताहिक हाट-बाजार में अमानक पॉलीथीन की जब्ती करते हुए कुछ दुकानदारों के चालान अलबत्ता बनाए थे लेकिन अब उस तरह की कार्यवाही नजर नहीं आ रही है।



## फाल्गुन अमावस्या पर भजन संध्या का आयोजन

**सारंगपुर।** फाल्गुनी अमावस्या के अवसर पर नगर के पंडितवाड़ी स्थित श्री पूर्णेश्वर महादेव मंदिर में सद्भावना और भक्ति का सुंदर वातावरण देखने को मिला। यहां सद्भावना भजन मंडल द्वारा सुमधुर भजन एवं गीतों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गणेश एवं हनुमान जी के स्मरण के साथ भजनों के माध्यम से आराधना कर की गई। मंडल अध्यक्ष सुमित जैन ने अपने अंदाज में श्तुम ढूंढो मुझे गोपाल में खोई गैया तेरीश भजन प्रस्तुत किया। वहीं मंडल के भजन गायक पंडित आनंद जोशी ने श्करके इशारों बुला ली गयो रीए बरसाने की छोरीश भजन से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। गायक रामगोपाल राठौर ने श्खबर मोरी न ली रे बहुत दिन बीतेश तथा वरिष्ठ लक्ष्मी नारायण त्रिकार ने श्हे दुख भंजन मारुति नंदनए श्री राम जानकी बैठे हैं सीने मेंश भजन प्रस्तुत किया। पंडित राजेंद्र जोशी ने श्मेली चादर ओढ़ केशए रोहित जैन ने श्वैक पुरावश तथा आनंद उपाध्याय ने श्राम को देखकर श्री जनक नंदिनी द्वार पर जा खड़ीश भजन प्रस्तुत किए।वरिष्ठ गायक ओमप्रकाश सोनी ने श्छोड़ बैठा है सारा जमाना हमेंश भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके साथ ही बालमुकुंद गुप्ता और श्याम बृजवासी ने भी अपनी भजन प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में आर्गन पर परमानंद जोशी तथा तबले पर सुनील राव ने संगत दी। भजन संध्या के दौरान होली पर्व की आहट को ध्यान में रखते हुए कलाकारों ने होली गीतों की भी प्रस्तुति दीए जिससे माहौल रंगमय हो गया। इस अवसर पर सतीश राठौरए गोपाल वेद्यए कमल राठौरए लखन सोनीए रवि राठौर सहित बड़ी संख्या में भजन प्रेमी उपस्थित रहे।

### मध्यप्रदेश बजट 2026-27 में मंत्री पंवार के प्रयास हुए सफल

# मंत्री के प्रयासों से ब्यावरा को मिली कई सौगातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

बुधवार को विधानसभा में प्रस्तुत मध्य प्रदेश के बजट 2026-27 में ब्यावरा विधानसभा को आधारभूत संरचना के क्षेत्र में बड़ी सौगातें प्राप्त हुई हैं। मंत्री नारायण सिंह पंवार के सतत प्रयासों एवं सक्रिय पहल के परिणामस्वरूप क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है।

**पार्वती पुल निर्माण - क्षेत्र की जीवनरेखा को मिलेगी नई मजबूती**

ब्यावरा विधानसभा के मंत्री नारायण सिंह पंवार एवं नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा के संयुक्त प्रयासों से नरसिंहगढ़-बैरसिया मार्ग पर पार्वती नदी के ऊपर नए पुल के निर्माण को इस बजट में स्वीकृति मिली है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा क्षेत्र ब्यावरा, बैरसिया एवं नरसिंहगढ़ की सीमा पर स्थित इस मार्ग पर बना पुराना पुल गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके बाद से आवागमन पूर्णतः बंद है। इससे हजारों नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। यह मार्ग न केवल ब्यावरा, बल्कि पचोर, नरसिंहगढ़, जीरापुर एवं विदिशा जैसे निकटवर्ती क्षेत्रों के किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और आमजन की दैनिक जीवनचर्या तथा व्यापारिक गतिविधियों से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है। ऐसे में 22 करोड़ की स्वीकृति क्षेत्र के लिए अत्यंत राहतकारी और विकासोन्मुख कदम माना जा रहा है।



**यह हैं प्रमुख स्वीकृतियां जिनसे होगा शहर का विकास**

1. नरसिंहगढ़ एवं बैरसिया के मध्य पार्वती नदी पर नवीन पुल निर्माण हेतु 22 करोड़
2. ब्यावरा में सुठालिया रोड के उन्नयन एवं चौड़ीकरण हेतु 15 करोड़
3. पीपल चैराहा से राजगढ़ बायपास तक सड़क चौड़ीकरण एवं उन्नयन हेतु 4 .50 करोड़
4. नगर ब्यावरा में सड़क उन्नयन को प्राथमिकता'
5. ब्यावरा नगर में भी यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।
6. पीपल चौराहा से राजगढ़ बायपास तक सड़क का चौड़ीकरण एवं उन्नयन
7. सुठालिया रोड का उन्नयन एवं चैड़ीकरण
8. इन मार्गों पर प्रतिदिन भारी यातायात का दबाव रहता है, जिससे आवागमन में बाधा, जाम की स्थिति एवं नागरिकों को असुविधा होती है। सड़क उन्नयन कार्य से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि नगर सौंदर्यीकरण और व्यवस्थित शहरी विकास को भी गति मिलेगी।